**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं0 1058**
**08 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए**

**पर्यावरण-अनुकूल शहरी परिवहन सेवाएं**

1058. **श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे**:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उन शहरों का ब्यौरा क्या है जिनमें अमृत योजना के तहत "सकल लागत अनुबंध हाइब्रिड मॉडल" के तहत पर्यावरण-अनुकूल शहरी परिवहन सेवाओं को सरकार द्वारा वित्तपोषित किया जा रहा है;

(ख) क्या कुछ अन्य टायर-III शहरों में योजना की पहुंच और दायरे का विस्तार करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री कौशल किशोर)**

(क) से (ग) अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) 25 जून 2015 को देश भर के 500 चयनित शहरों (15 विलय शहरों सहित 485 शहर) और कस्बों में लॉन्च किया गया था। यह मिशन चयनित शहरों और कस्बों के जल आपूर्ति; सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन; वर्षा जल निकासी; हरित स्थलों और पार्कों; और गैर-मोटर चालित शहरी परिवहन के क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। अमृत के तहत गैर- मोटर चालित शहरी परिवहन के लिए निधियां आवंटित की जाती है, जिसमें पैदल यात्री पथ, गैर-मोटर चालित और सार्वजनिक परिवहन सुविधाएं, साइकिल ट्रैक, पार्किंग क्षेत्र आदि की

सुविधाएं शामिल हैं। अब तक, 1,011 करोड़ रु. की 350 परियोजनाएं शुरू हो चुकी हैं, जिनमें से 810 करोड़ रु. की 311 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

देश भर के सभी (लगभग 4,900) कस्बों/शहरों में जल आपूर्ति की सार्वभौमिक कवरेज प्रदान करने के उद्देश्य से, अमृत 2.0 को अक्टूबर 2021 में शुरू किया गया था। अमृत 2.0 के तहत शहरी परिवहन एक स्वीकार्य घटक नहीं है।

तथापि, इस मंत्रालय ने **"पीएम- ईबस सेवा"** शुरू की है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल (सकल लागत अनुबंध) (जीसीसी) के आधार पर 10,000 इलेक्ट्रिक बसों को सेवा में लगा करके 20,000 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता के साथ 100 से अधिक शहरों (2011 की जनगणना के अनुसार 3-40 लाख आबादी) में बस संचालन को बढ़ावा देना है। प्रतिक्रिया के आधार पर, अखिल भारतीय निविदा के लिए कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) के माध्यम से 49 शहरों के लिए जीसीसी मॉडल पर 3800 ई-बसों को एकत्र किया गया है ताकि शहरों को प्रति किमी के आधार पर बस संचालन के लिए प्रतिस्पर्धी दर प्राप्त करने में मदद मिल सके। शहरों की सूची अनुलग्नक-I में दी गई है।

****

**श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे द्वारा पर्यावरण-अनुकूल शहरी परिवहन सेवाओं के संबंध में 8 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1058 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

| क्र. सं. | राज्य | शहर | बसों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | असम | गुवाहाटी | 100 |
| 2 | बिहार | भागलपुर | 50 |
| 3 | बिहार | दरभंगा | 50 |
| 4 | बिहार | गया | 50 |
| 5 | बिहार | मुजफ्फरपुर | 50 |
| 6 | बिहार | पटना | 150 |
| 7 | बिहार | पूर्णिया | 50 |
| 8 | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ | 100 |
| 9 | गुजरात | भावनगर | 100 |
| 10 | गुजरात | गांधीनगर | 50 |
| 11 | गुजरात | जामनगर | 50 |
| 12 | गुजरात | जूनागढ़ | 25 |
| 13 | गुजरात | राजकोट | 100 |
| 14 | गुजरात | वडोदरा | 100 |
| 15 | हरियाणा | गुरूग्राम | 100 |
| 16 | हरियाणा | फरीदाबाद | 100 |
| 17 | जम्मू एवं कश्मीर | जम्मू | 100 |
| 18 | जम्मू एवं कश्मीर | श्रीनगर | 100 |
| 19 | महाराष्ट्र | अहमदनगर | 40 |
| 20 | महाराष्ट्र | अकोला | 50 |
| 21 | महाराष्ट्र | अमरावती | 50 |
| 22 | महाराष्ट्र | भिवंडी | 100 |
| 23 | महाराष्ट्र | छत्रपति संभाजीनगर | 100 |
| 24 | महाराष्ट्र | चंद्रपुर | 50 |
| 25 | महाराष्ट्र | धुले | 38 |
| 26 | महाराष्ट्र | इचलकरंजी | 25 |
| 27 | महाराष्ट्र | जलगांव | 50 |
| 28 | महाराष्ट्र | कल्याण डोंबिवली | 100 |
| 29 | महाराष्ट्र | कोल्हापुर | 100 |
| 30 | महाराष्ट्र | लातूर | 50 |
| 31 | महाराष्ट्र | मीराभायंदर | 100 |
| 32 | महाराष्ट्र | नागपुर | 150 |
| 33 | महाराष्ट्र | नासिक | 50 |
| 34 | महाराष्ट्र | सांगली | 50 |
| 35 | महाराष्ट्र | सोलापुर | 100 |
| 36 | महाराष्ट्र | ठाणे | 100 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 37 | महाराष्ट्र | उल्हासनगर | 100 |
| 38 | महाराष्ट्र | वसई विरार | 100 |
| 39 | मेघालय | शिलांग | 50 |
| 40 | ओडिशा | बेरहामपुर | 50 |
| 41 | ओडिशा | भुवनेश्वर | 100 |
| 42 | ओडिशा | कटक | 100 |
| 43 | ओडिशा | राउरकेला | 100 |
| 44 | ओडिशा | संभलपुर | 50 |
| 45 | पंजाब | अमृतसर | 100 |
| 46 | पंजाब | जालंधर | 97 |
| 47 | पंजाब | लुधियाना | 100 |
| 48 | पंजाब | पटियाला | 50 |
| 49 | पुदुचेरी | पुदुचेरी | 75 |
| | कुल | 49 | 3800 |